संपादकीय

# नेपाल के प्रयोग पर नजर

काठमांडू में शुरू हुए 'टेक्स्टबुक-फ्री फ्राइडे' नामक प्रयोग ने लोगों का ध्यान खींचा है। इस योजना के तहत बच्चों को शुक्रवार को बिना स्कूली बस्ते के स्कूल आने को कहा गया है। उस रोज स्कूलों में कुछ जरूरी बुनियादी कौशल सिखाए जाएंगे।

नेपाल में एक ऐसा प्रयोग शुरू किया गया है, जिस तरफ ध्यान जाना लाजिमी बनता है। यह प्रयोग अगर सफल रहा, तो बेशक इसे कई देशों में अपनाया जाएगा। शिक्षा को सार्थक और वास्तविक जीवन से जोड़ा जाए, विचार के स्तर पर यह बात अक्सर कही जाती है। लेकिन ऐसा असल में कैसे किया जाए, यह एक गंभीर सवाल है। नेपाल की राजधानी काठमांडू में इसी सवाल का उत्तर ढूंढने की कोशिश की गई है। काठमांडू में 'टेक्स्टबुक-फ्री फ्राइडे' का एक नया प्रयोग शुरू किया गया है। शहर के 89 में से 56 कम्युनिटी स्कूलों में शुरू हुए इस प्रयोग के तहत बच्चों को शुक्रवार को बिना किताब और स्कूली बस्ते के स्कूल आने को कहा गया है। शुक्रवार को स्कूलों में रोजमर्रा जिंदगी के लिए जरूरी बुनियादी कौशल सिखाए जाएंगे। छात्रों की पाठ्यक्रम के बाहर की गतिविधियों में उनकी भागीदारी बनाई जाएगी। हालांकि बीते शुक्रवार को शुरू हुए इस प्रयोग की कुछ हलकों से आलोचना भी हुई है। कुछ शिक्षाशास्त्रियों ने कहा है कि योजना को बिना पूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किए लागू कर दिया गया है। जबकि नगर प्रशासन ने कहा है कि उसने इस प्रयोग के लिए दो करोड़ नेपाली रुपये का बजट मंजूर किया है।

इस प्रयोग के तहत नौवीं से 12वीं कक्षा के छात्रों 10 टॉपिक्स पर अल्पकालिक कोर्स करने का मौका दिया जाएगा। इन टॉपिक्स में खेती, बागवानी, कॉस्मेटिक ट्रेनिंग, कारपेंटरी, नक्काशी, पाक कला, फैशन डिजाइन, वस्त्र सिलाई, इलेक्ट्रिक वायरिंग, आपदा तैयारी, मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स रिपेयर, प्लम्बिंग, और मूर्ति कला शामिल हैं।इनमें से हर कोर्स वैकल्पिक है और हर कोर्स की अवधि 90 दिन होगी। आठवीं कक्षा तक के छात्रों को लेखन, संगीत, कविता लेखन आदि जैसी गतिविधियों में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा उन्हें खेतों की खुदाई, पौधा लगाने, पराली हटाने, कचरे का निपटारा आदि जैसे कार्यों की ट्रेनिंग दी जाएगी। काठमांडू के मेयर ने कहा है कि ट्रेनिंग के लिए कार्यों को चुनते वक्त यह ध्यान रखा गया है कि ऐसे प्रशिक्षण से छात्र घरेलू जरूरतों को पूरा करने के योग्य बनें। अगर योजना सचमुच छात्रों को इसके लायक बना पाई, तो बेशक इसका कई अन्य जगहों पर अनुकरण किया जाएगा।

# एप्पल ने भारत में पहली तिमाही की बिक्री का रिकॉर्ड बनाया



**नई दिल्ली।** आईफोन और स्मार्ट डिवाइस बनाने वाली कंपनी एप्पल ने इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में देश में रिकॉर्ड बिक्री की और साल-दर-साल आधार पर दहाई अंक की वृद्धि दर हासिल की। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टिम कुक ने यह जानकारी दी। कुक पिछले महीने ही भारत आए थे और मुंबई तथा नई दिल्ली में कंपनी के पहले ब्रांड रिटेल स्टोर का उद्घाटन किया था। एप्पल ने अपनी मार्च में समाप्त तिमाही में 94.8 अरब डॉलर का रिकॉर्ड राजस्व दर्ज किया जो उम्मीद से बेहतर है।

कुक ने विश्लेषकों को बताया, भारत में व्यवसाय को देखते हुए, हमने एक तिमाही का रिकॉर्ड स्थापित किया है। साल-दर-साल आधार पर दहाई अंक की मजबूत वृद्धि दर्ज की है। इसलिए यह हमारे लिए काफी अच्छी तिमाही थी। भारत एक अविश्वसनीय रूप से रोमांचक बाजार है। यह हमारे लिए एक प्रमुख फोकस है। मैं हाल ही में वहां गया था। बाजार में गतिशीलता अविश्वसनीय है।

उन्होंने कहा कि एप्पल अधिक ग्राहकों की सेवा करने के लिए समय के साथ भारत में परिचालन का विस्तार कर रहा है।

कुक ने कहा, तीन साल पहले हमने ऐप्पल स्टोर ऑनलाइन लॉन्च किया था। और फिर हमने कुछ सप्ताह पहले ही दो स्टोर - एक मुंबई में और एक दिल्ली में - लॉन्च किए जिनकी शुरुआत काफी अच्छी रही है।

एप्पल को देश में कई चैनल पार्टनर भी मिले हैं।

एप्पल सीईओ ने कहा, कुल मिलाकर, मैं वहां ब्रांड के लिए जो उत्साह देख रहा हूं उससे ज्यादा खुश और उत्साहित नहीं हो सकता। मध्यम वर्ग में बहुत सारे लोग आ रहे हैं, और मुझे वास्तव में लगता है कि भारत एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। वहां होना बहुत अच्छा है।

कंपनी ने मेक्सिको, इंडोनेशिया, फिलीपींस, सऊदी अरब, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात में किसी भी तिमाही के और ब्राजील, मलेशिया और भारत में जनवरी-मार्च तिमाही के नए रिकॉर्ड बनाए हैं।

# 9 मई तक सभी फ्लाइट्स कैंसिल, डीजीसीए का गो फस्ट को आदेश-यात्रियों को शुरू करें पैसे लौटाना




**नई दिल्ली।** गो-फर्स्ट एयरलाइंस की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इंजन सप्लायर कंपनी प्रैट एंड व्हिटनी की तरफ से इंजनों की आपूर्ति न हो पाने के चलते एयरलाइन ने अब अपनी उड़ानों को 9 मई तक के लिए रद्द कर दिया है। पहले कंपनी ने फ्लाइट्स को 3 दिन के लिए ही रोका था। हालांकि वित्तीय संकट न सुलझने की वजह से गो फर्स्ट की मुसीबतें बढ़ गई हैं।

गौरतलब है कि कंपनी ने दिवालिया कार्रवाई के तहत सरकार से संकट से निकालने की भी मांग रख दी है। ऐसे में यात्रियों ने अपने टिकट रिफंड की मांग का मुद्दा उठाया है। अब विमानन नियामक डीजीसीए ने इसे लेकर एक आदेश जारी किया है। डीजीसीए ने कहा है कि गो फर्स्ट यात्रियों को रिफंड की प्रक्रिया शुरू कर दे।

वहीं दूसरी तरफ त्रश फर्स्ट को दिल्ली नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने भी बड़ा झटका दिया है। गो ने एयरलाइन की अंतरिम मोरेटोरियम की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड के तहत इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है। न्यायमूर्ति रामलिंगम सुधाकर और एलएन गुप्ता की पीठ ने कहा कि आईबीसी के तहत केवल पूर्ण स्थगन का प्रावधान है। मतलब यह हुआ कि एयरलाइन को बकाया भुगतान करने के लिए कुछ महीनों की रोक नहीं मिलेगी।

# भारत का कोयला उत्पादन 2022-23 में 893 मिलियन टन रहा

**नई दिल्ली।** भारत का कुल कोयला उत्पादन 2021-22 में 778.19 की तुलना में 2022-23 में 893.08 मिलियन टन रहा है, जो 14.78 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। सरकार का लक्ष्य चालू वित्तवर्ष में उत्पादन को बढ़ाकर 1,012 मिलियन टन करना है। आधिकारिक आंकड़ों अनुसार, पिछले पांच वर्षों में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का उत्पादन 2018-2019 में 606.89 मिलियन टन की तुलना में 15.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 703.21 मिलियन टन बढ़ा है। सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) ने 2018-19 में 64.40 मिलियन टन से 4.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2022-23 में 67.14 मिलियन टन की वृद्धि दिखाई है।

कैप्टिव और अन्य खदानों ने भी 113.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वित्तवर्ष 2022-23 में 122.72 मिलियन टन उत्पादन दर्ज किया है, जो वित्तवर्ष 2018-19 में 57.43 मिलियन टन था।

# शोपिफाई ने दो हजार कर्मचारियों को निकाला, लॉजिस्टिक्स कारोबार बेचा




**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म शोपिफाई ने 20 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की है। इसे करीब दो हजार लोग प्रभावित होंगे। कंपनी ने बताया कि शोपिफाई को अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निगम फ्लेक्सपोर्ट खरीदेगा।

कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) टोबी लुत्के ने कहा, शोपिफाई का आकार 20 प्रतिशत कम होगा और फलेक्सपोर्ट शोपीफाई के लॉजिस्टिक्स को खरीदेगा। इसका मतलब है कि आप में से कुछ लोगों को आज शोपिफाई छोडऩा होगा। मुझे मालूम है कि यह फैसला आप में से कुछ लोगों को तोड़ देगा, लेकिन हमने यह फैसले हल्के में नहीं किया है।

प्रभावित कर्मचारियों को कम से कम 16 सप्ताह का विच्छेद वेतन दिया जाएगा। इसके अलाव जितने साल उन्होंने शोपिफाई में काम किया है उतने सप्ताह का वेतन अलग से दिया जाएगा।

सीईओ ने एक ब्लॉग में कहा, इस अवधि के लिए चिकित्सा लाभ और हमारे कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) तक पहुंच मिलती रहेगी। यदि आप चाहते हैं तो हम दूसरी कंपनियों में प्लेसमेंट के लिए सेवाएं देने के लिए भी तैयार हैं। हमने जो भी ऑफिस फर्नीचर दिए हैं उन्हें आप रख सकते हैं।

उन्होंने कहा, हमें कानूनी रूप से उस लैपटॉप की जरूरत है जिस पर आप काम कर रहे थे, लेकिन हम इसकी जगह नया लैपटॉप लेने के लिए भुगतान में आपकी मदद करेंगे। आप भविष्य में उद्यमशीलता का रास्ता चुनते हैं, तो आपको उन्नत शॉपिफाई योजना की मुफ्त सेवा मिलती रहेगी।

शॉपिफाई ने पिछले साल जुलाई में अपने कर्मचारियों के 10 प्रतिशत - वर्टिकल में लगभग 1,000 कर्मचारियों - की कटौती की घोषणा की। वह महामारी के दौरान दो साल में ई-कॉमर्स उद्योग में आई तेजी के बाद इस क्षेत्र के भविष्य के बारे में अनुमान लगाने में विफल रहा। अपेक्षित वृद्धि को पूरा करने के लिए शॉपिफाई का कार्यबल 2016 में 1,900 से बढक़र 2021 में लगभग 10,000 हो गया। लुत्के ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि यह सही फैसला नहीं रहा।

# मयंक अग्रवाल ने आईपीएल में पूरे किये 2500 रन



**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 2500 रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में हासिल की। मयंक 11 गेंदों में 18 रन बनाकर इस मुकाम तक पहुंचे। उन्हें तीसरे ओवर में हर्षित राणा ने आउट किया। मयंक ने 122 मैचों में 22.45 की औसत और 132.53 की स्ट्राइक रेट से 2514 रन बनाए हैं। उन्होंने एक शतक और 12 अर्धशतक बनाए हैं।

मौजूदा आईपीएल में, उन्होंने नौ मैचों में 20.78 की औसत और 114.02 की स्ट्राइक रेट से 187 रन बनाए हैं। उन्होंने इस सीजऩ में अब तक कोई अर्द्धशतक नहीं बनाया है। मयंक ने आईपीएल 2011 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के साथ अपने करियर की शुरुआत की, वह 2013 तक फ्रेंचाइजी के लिए खेलते रहे। उन्होंने 29 मैचों में 18.83 की औसत से टीम के लिए एक अर्धशतक के साथ 433 रन बनाए।

उसके बाद, उन्होंने 2014-16 सीजऩ के लिए दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व किया। दिल्ली के लिए 21 मैचों में उन्होंने 17.75 की औसत से 2 अर्धशतकों के साथ 355 रन बनाए। उन्होंने 2017 में अब समाप्त हो चुकी राइजिंग पुणे सुपरजायंट का प्रतिनिधित्व किया और केवल तीन मैचों में 20 रन बनाए। उनका सर्वश्रेष्ठ 2018-22 से पंजाब किंग्स के साथ उनके कार्यकाल के दौरान आया। पंजाब के लिए 60 मैचों में, उन्होंने 26.54 की औसत से एक शतक और नौ अर्द्धशतक के साथ 1,513 रन बनाए।

मैच की बात करें तो इस मुकाबले में केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट पर 171 रन बनाए। केकेआर के लिए रिंकू सिंह ने 46 और कप्तान नीतिश राणा ने 42 रन बनाए। इन दोनों के अलावा रसेल ने 24 व जेसन रॉय ने 20 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद की टीम 20 ओवरों में 8 विकेट पर 166 रन ही बना सकी और 5 रन से मैच हार गई। हैदराबाद के लिए कप्तान एडेन मार्करम ने 41 और हेनरिक क्लासेन ने 36 रन बनाए।

# नापोली ने 33 वर्षों बाद जीता अपना पहला इतालवी सीरी ए खिताब



**नेपल्स।** नापोली ने गुरुवार रात उडीनीज से 1-1 से ड्रॉ खेलकर 33 वर्षों में अपना पहला इतालवी सीरी ए खिताब जीता। नापोली ने इससे पहले डिएगो माराडोना के नेतृत्व में 1990 में आखिरी बार यह खिताब जीता था। नापोली का कुल मिलाकर यह तीसरा सीरी खिताब है। क्लब ने पहली बार यह खिताब माराडोना के ही नेतृत्व में 1987 में जीता था।

नापोली को पांच गेम शेष रहते 16 अंकों की अजेय बढ़त लेने के लिए केवल ड्रॉ की आवश्यकता थी। मैच की शुरुआत में सैंडी लोवरिक ने 13वें मिनट में गोल कर उडीनीज को 1-0 की बढ़त दिला दी। सेरी ए के शीर्ष स्कोरर, विक्टर ओसिमेन ने 52वें मिनट में नापोली के लिए बराबरी का गोल किया और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। जैसी ही फाइनल सीटी बजी उडीन में स्टेडियम के अंदर और बाह उसके प्रशंसक खुशी से जश्न मनाने लगे। वहीं, नेपल्स में लोग सडक़ों पर उतर कर आतिशबाजी करने लगे।

यह खिताब इटली के शीर्ष डिवीजन में नापोली का तीसरा और अर्जेंटीना के दिग्गज खिलाड़ी डिएगो माराडोना के 1987 और 1990 में खिताबी जीत हासिल करने के बाद यह उनका पहला खिताब है। नवंबर 2020 में उनकी मृत्यु के बाद माराडोना के सम्मान में नापोली के घरेलू स्टेडियम का नाम बदल कर स्टैडियो डिएगो अरमांडो माराडोना रखा गया।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज मन खुश रहेगा व जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं। आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपके लिये मार्गदर्शक बनेगा।

***वृष :*** आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है लेकिन उन्हें इस कड़ी मेहनत का अपेक्षित परिणाम भी हासिल होगा।

***मिथुन :*** आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है।

***कर्क :*** दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में विलंब संभव है।

***सिंह :*** आज किसी समारोह का मुख्य हिस्सा बनने के पूर्ण योग हैं। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात-निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ काम करना आसान रहेगा।

***कन्या :*** आज के दिन आपको सुख-समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है।

***तुला :*** आज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं।

***वृश्चिक :*** आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं।आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी।

***धनु :*** आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाक़ात होगी। आप अपने प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफ़ी संवेदनशील होंगे।

***मकर :*** आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

***कुंभ :*** आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। माता-पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे।

***मीन :*** आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है।

# स्ट्रॉबेरी को इन 5 रेसिपी के जरिए डाइट में करें शामिल, स्वास्थ्य के लिए है लाभदायक



खट्टे-मीठे स्वाद से भरपूर स्ट्रॉबेरी का इस्तेमाल अक्सर डेजर्ट और स्मूदी में किया जाता है। यह फल न सिर्फ इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करता है, बल्कि हृदय को स्वस्थ रखने और शरीर को कैंसर जैसी घातक बीमारियों से बचाने में भी सहायक है। ऐसे में इसे अपनी डाइट में शामिल करना लाभदायक है। आइए हम आपको 5 ऐसे व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिनके जरिए आप स्ट्रॉबेरी को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

**स्ट्रॉबेरी मूस -** कुछ स्ट्रॉबेरी को थोड़ी चीनी के साथ ब्लेंडर में डालें और जब तक चिकना पेस्ट न बन जाए तब तक इसे ब्लेंड करते रहें। अब थोड़ी-सी क्रीम को फेंट लें और उसमें थोड़ा-सा स्ट्रॉबेरी का मिश्रण मिलाएं। इसके बाद एक गिलास में बाकि स्ट्रॉबेरी का पेस्ट डालें, फिर ऊपर से क्रीम डालें। इसी तरह मिश्रण की 3-4 लेयर बना लें। अंत में इस पर स्ट्रॉबेरी गार्निश करें और कुछ देर के लिए फ्रिज में रख दें, फिर इसका सेवन करें।

**स्ट्रॉबेरी की कुल्फी-** इसे बनाने के लिए सबसे पहले ब्लेंडर में स्ट्रॉबेरी, नींबू का रस, कुछ तुलसी के पत्ते और शहद को डालकर अच्छे से ब्लेंड करें, फिर इस मिश्रण को कुल्फी के सांचे में भरकर फ्रिज में रख दें। इसके बाद जब आपको कुल्फी खानी हो तब सांचे को गर्म पानी में हल्का-सा डुबोकर कुल्फी को निकालकर उसका जायका लें। आप चाहें तो कुल्फी की इन 5 रेसिपी को भी ट्राई कर सकते हैं।

**स्ट्रॉबेरी चीज़ केक -** केक के टिन को मक्खन से चिकना करें, फिर इसमें चॉकलेट बिस्कुट का चुरा डालकर चम्मच से दबाएं। इसके बाद टिन को 30 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। अब आवश्यकतानुसार स्ट्रॉबेरी को मिक्सी में पीसें, फिर इसे एक बड़े कटोरे में क्रीम चीज़, सॉर क्रीम और चीनी के साथ अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण को केक के टिन में डालें, फिर इसे ओवन में 50-55 मिनट के लिए बेक करके इसका स्वाद लें।

**स्ट्रॉबेरी और तुलसी का सोडा -** गर्मी का मौसम आ गया है और ऐसे में कुछ रिफ्रेशिंग पीने की इच्छा सबसे ज्यादा रहती है। स्ट्रॉबेरी और तुलसी का सोडा आपको भरपूर ऊर्जा देने के साथ सक्रिय रखने में भी मदद कर सकता है। इसे बनाने के लिए स्ट्रॉबेरी, शहद, तुलसी के पत्ते, संतरे का जूस और बाल्समिक सिरका मिलाकर ब्लेंड करें। अब इसमें सोडा पानी और बर्फ डालकर इसे परोसें औक खुद भी इसका आनंद लें।

**स्ट्रॉबेरी पेनकेक्स -** सबसे पहले एक कटोरे में मैदा, बेकिंग पाउडर और दालचीनी मिलाएं। अब एक जग लें और उसमें सोया दूध, वेनिला अर्क और दही को डालकर अच्छे से मिलाएं, फिर इसमें मैदे वाला मिश्रण मिलाएं। इसके बाद मिश्रण की एक करछी को तेल लगे तवे पर डालें और इसे धीमी आंच पर सुनहरा भूरा होने तक पकाएं। इसी तरह पूरे मिश्रण से पैनकेक बनाकर इनके ऊपर स्ट्रॉबेरी प्यूरी डालें और ताजी स्ट्रॉबेरी को गार्निश करके इसे परोसें।

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी की जोगीरा सारा रा रा का ट्रेलर जारी



अपनी जबरदस्त एक्टिंग के लिए मशहूर नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने नेहा शर्मा के साथ धमाल मचाने के लिए अपनी कमर को कस लिया है. एक्टर की अपकमिंग मूवी जोगीरा सारा रा रा का ट्रेलर रिलीज हो गया है. इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी दर्शकों को लोट पोट करने के लिए तैयार हैं.

नवाजुद्दीन सिद्दीकी और नेहा शर्मा की इस अपकमिंग मूवी के ट्रेलर का दर्शकों को काफी दिनों से इंतजार था. काफी वेट के बाद आज यानी 1 मई को फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है. फिल्म के ट्रेलर में नवाजुद्दीन सिद्दीकी बहुत ही अलग अंदाज में दिख रहे हैं. वहीं नेहा शर्मा भी ट्रेलर में अपना जलवा दिखाती हुई दिख रही हैं. नवाजुद्दीन सिद्दीकी को साफ तौर पर जुगाड़ लगाते हुए देखा जा सकता है कि वो किस तरह से अपनी जुगाड़ फिट कर रहे हैं. इसके साथ नेहा शर्मा काफी चंचल लडक़ी के रोल में नजर आ रही हैं. ट्रेलर में देखा जा सकता है कि नेहा शर्मा नवाजुद्दीन से शादी करने के लिए पीछे पड़ी है, जबकि नवाजुद्दीन उतना ही पीछे हट रहे हैं. फिल्म के ट्रेलर को देखकर कहा जा सकता है कि ये मूवी दर्शकों को जी भर के गुदगुदाने वाली है.


## शब्द सामर्थ्य- 55

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 054 का हल



## सू-दोकू- 55

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.054 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |